प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 27.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 27.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 27.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता हेतु महोबा पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित...



पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 27.11.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान थानों की पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों, उनकी रोकथाम, तथा शिकायतों के निस्तारण हेतु उपलब्ध सुविधाओं व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिसमें वूमेन पॉवर लाइन– 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा– 112, एम्बुलेंस– 108, चाइल्ड लाइन– 1098, स्वास्थ्य सेवा– 102, महिला हेल्पलाइन– 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन– 1076, साइबर हेल्पलाइन– 1930 साथ ही उन्हें गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई एवं शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका व उनके माध्यम से महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी साझा की गई।

**उद्देश्य -** महोबा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे ये जन-जागरूकता कार्यक्रम न केवल महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सजग और सुरक्षित बनने का संदेश दे रहे हैं, बल्कि समाज में नारी सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक सार्थक कदम हैं।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 27.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## यातायात माह एवं मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं हेतु विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में यातायात माह नवंबर तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 27.11.2025 को थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, चरखारी में एक विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

### यातायात जागरूकता से संबंधित मुख्य बिंदु –

- छात्राओं को दैनिक जीवन से जुड़े आवश्यक यातायात नियमों, स्टॉप स्लो–गो–संकेत, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा का पालन, सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके, एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।
- अधिकारियों ने कहा—"हेलमेट सुरक्षा के लिए पहनें, चालान से बचने के लिए नहीं।"
- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु निर्देशात्मक, सूचनात्मक एवं सांकेतिक यातायात चिन्हों की महत्ता समझाई गई तथा छात्राओं को जीवन की सुरक्षा हेतु हमेशा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

### मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जागरूकता-

कार्यशाला में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान, थानों में संचालित महिला हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, तथा महिलाओं हेतु उपलब्ध सुरक्षा सेवाएं जैसे 1090, 181, 112 आदि के बारे में बताया गया।

छात्राओं को आत्मरक्षा तकनीकों, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा किसी भी उत्पीड़न/संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने हेतु प्रेरित किया गया।





## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना महोबकंठ का किया गया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण : कानून-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक मूल्यांकन

आज दिनांक 27.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड की उपस्थिति में थाना महोबकंठ का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम सुसज्जित गार्द की सलामी का मान-प्रणाम ग्रहण किया गया। इसके उपरांत थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय एवं मालखाना का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मिशन शक्ति केंद्र पर प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।

तत्पश्चात महोदया द्वारा थाने के शस्त्रागार का निरीक्षण कर असलहों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव की स्थिति देखी गई। इसके बाद गार्ड फाइल, कैशबुक, रजिस्टर-08, बीट सूचना रजिस्टर, ऑर्डर बुक, मालखाना रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी सूची एवं न्यायालय संबंधित अभिलेखों का अवलोकन कर प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण उपरांत थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद आमजनमानस से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया तथा उनकी समस्याएँ भी सुनी गईं।

अंत में अपर पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा बेहतर पुलिसिंग, सतर्कता, महिला सुरक्षा, बीट एक्टिविटी और जनता से संवाद बनाए रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



